जेएसपीएल फाउंडेशन ने प्रदान की ओपी जिंदल "स्टार" छात्रवृत्ति

कंपनी के गोदग्रामों के 6 छात्राओं और 4 छात्रों को दी गई स्कॉलरशिप

रायगढ़। अंचल में शिक्षा के विस्तार को गति प्रदान करने तथा विद्यार्थियों तक जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ जिंदल स्टील एन्ड पॉवर लिमिटेड द्वारा जेएसपीएल फाउंडेशन के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने प्रति वर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसी श्रृंखला में जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र के 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ओपी जिंदल स्टार छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

जेएसपीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा कोविड–19 महामारी से जुड़ी सावधानियों का ध्यान रखते हुए कंपनी परिसर स्थित जिंदल सेंटर में छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष ओपी जिंदल स्टार छात्रवृत्ति के लिए दसवीं बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांकों एवं छात्रवृत्ति के लिए तय मानदंडों के आधार पर कंपनी के गोदग्रामों के शासकीय विद्यालयों से 6 छात्राओं और 4 छात्रों का चयन किया गया।

इनमें चांदनी डनसेना, अजित चंद्रवंशी, रमा पटेल, राजीव गुप्ता, निधि डनसेना, चन्द्रकला राणा, दुगनी मुंडा, प्रदीप सिदार, रुपेश कुमार और मनीषा पांडेय शामिल रहीं। स्कॉलरशिप के तौर पर विद्यार्थियों को 12 हजार रुपए प्रदान किए गए।



स्कॉलरशिप वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जेएसपीएल के वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अगले दो साल आप सभी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण समय है। इसमें आप जितनी मजबूत नींव रखेंगे, उतनी ही बड़ी आपकी कामयाबी की इमारत होगी।

उन्होंने कहा कि अपनी रूचि के आधार पर विषय और क्षेत्र का चयन कर पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने से सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी। श्री चौहान ने अंचल में शिक्षा के चहुंमुखी विकास के लिए जेएसपीएल की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के प्राचार्य आरके त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए जुट जाने का संदेश देते हुए कहा की पढ़ाई को निर्बाध गति से जारी रखने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में यदि अंचल के विद्यार्थियों को कोई भी समस्या आती है, तो उसके समाधान में ओपी जिंदल स्कूल की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन के साथ प्रयास किया जाए, तो संसाधनों की कमी कभी भी सफलता में बाधक नहीं बन सकती।

समारोह में जेएसपीएल के महाप्रबंधक कर्नल रोहिणी कुमार पाठक ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए कहा की विद्यार्थी देश के भविष्य हैं। हमें मिल–जुलकर शिक्षा के लिए ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जिससे देश के सभी विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में मौजूद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, धनागर के प्राचार्य राजेंद्र मेहर ने शिक्षा के विकास में जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा की अब इसके दूरगामी परिणाम नजर आने लगे हैं। क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को दी जा रही इस स्कॉलरशिप से गांव की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है।

इस दौरान शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय, कुसमुरा की व्याख्याता भावना शर्मा, वेद प्रकाश तिवारी एवं किरोड़ीमल नगर शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के व्याख्याता टीकम सिंह नायक सहित सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक शिशिर तरफदार, प्रबंधक जितेंदर पाल सिंह घई, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन तरुण बघेल ने किया।

उल्लेखनीय है की जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दिया जा रहा है। शासकीय स्कूलों में अधोसंरचना के विकास, भवन–बाउंड्रीवाल, शौचालय निर्माण, पेयजल व्यवस्था, कंप्यूटर लैब आदि का निर्माण कराया गया है। साथ ही स्कूलों में आवश्यकतानुसार सामुदायिक शिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति से 2 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं।